छत्तीसगढ़ रेरा की बड़ी पहल: वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीददारों के हितों की रक्षा करने रेरा ने 17 बैंकों को किया सूचीबद्ध

रेरा के नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल से रियल एस्टेट खरीददारों के हितों की होगी सुरक्षा

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने और प्रोजेक्ट में भूमि - मकान आदि सम्पत्तियां खरीदने वाले लोगों के हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रेरा ने रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन और पादर्शिता लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में एक बैंक एम्पैनलमेंट इवेंट में रेरा ने 17 बैंकों को सूचीबद्ध किया और रियल एस्टेट प्रमोटरों के साथ अपने नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल को साझा किया। कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल का मुख्य उद्देश्य आबंटियों के निवेश को सुरक्षित रखना और धनराशि के दुरुपयोग को रोकना है। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे। साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ्टवेयर-

आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल के अंतर्गत अब किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में आबंटियों से प्राप्त कुल राशि का 70 प्रतिशत भाग एक रेरा नामित बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। रियल एस्टेट सेक्टर में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीददारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा ने बैंकों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। सरकार द्वारा इस प्रणाली को अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। तय नियमों के तहत वित्तीय प्रबंधन आसान होगा, जिससे परियोजनाओं को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा।

रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, जिससे सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत आबंटियों से प्राप्त धनराशि स्वचलित रूप से 70 प्रतिशत रेरा खाते में और 30 प्रतिशत अन्य आवश्यकताओं के लिए

हर प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा रियल-टाइम अपडेट

रेरा की इस पहल से बैंकों, प्रमोटरों और रियल एस्टेट के खरीदारों को लाभ होगा। इसके तहत सूचीबद्ध बैंकों को अब भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे संचालन सुगम होगा। हर प्रोजेक्ट के लिए रियल-टाइम अपडेट मिलेगा, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी। बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निधियों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित होगी। रियल एस्टेट प्रमोटरों और डेवलपर्स को अब बार-बार दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे क्योंकि अब सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी।

सुरक्षित होगी। यह राशि केवल परियोजना के वास्तविक विकास कार्य और उसके अनुपात में ही खर्च की जा सकेगी। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

क्या है इस मॉडल की खासियत?

अब सब कुछ सॉफ्टवेयर की नजर में होगा। निधि निकासी से लेकर आवंटन तक, हर कदम डिजिटल और पारदर्शी। मानवीय गलतियों का कोई चक्कर नहीं, क्योंकि सिस्टम खुद निगरानी करेगा। बैंकों को भी रेरा के खातों के हिसाब से ढाला गया है, ताकि लेन-देन में कोई गड़बड़ी न हो। संजय शुक्ला ने जोर देकर कहा, हमारा लक्ष्य है कि आबंटियों का निवेश सुरक्षित रहे और रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन की मिसाल कायम हो।

तीनों पक्षों को फायदा होगा

इस पहल से त्रिशूल की तरह तीनों पक्षों को फायदा होगा—बैंक, प्रमोटर और खरीददार। बैंकों के लिए कागजी झंझट खत्म, क्योंकि अब दस्तावेज डिजिटल होंगे। प्रमोटरों को बार-बार कागजात जमा करने की टेंशन से छुटकारा मिलेगा और प्रोजेक्ट की रियल-टाइम अपडेट से काम आसान होगा। लेकिन सबसे बड़ा तोहफा खरीददारों के लिए है—उनका पैसा सुरक्षित, प्रोजेक्ट समय पर पूरा, और घर मिलने में देरी की चिंता खत्म।

जोन तीन को छोड़ 8 जोनों में जोन अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

रायपुर। नगर निगम रायपुर के 10 जोन में से 8 जोनों में अध्यक्षों का निर्वाचन गुरुवार को गया, जबकि जोन 3 का निर्वाचन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। बता दें इनमें से जोन 2 में सभापति सूर्यकांत राठौड़ पदेन अध्यक्ष के रूप में पहले ही पदभार संभाल चुके हैं। निर्विरोध निर्वाचित जोन अध्यक्षों में जोन 1 गज्जू साहू, जोन 4 मुरली शर्मा, जोन 5 अम्बर अग्रवाल, जोन 6, बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 7 श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 9 गोपेश साहू, जोन 10 सचिन बी. मेघानी शामिल है।

इस अवसर पर जोन कार्यालय में वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, सभी एमआईसी सदस्यों, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, जोन के तहत वार्डों के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों, जोन कमिश्नरों, जोन अधिकारियों, कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर शुभकामनाएं दीं।

न्यूज ब्रीफ

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार, अपराध दर्ज

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में श्याम नगर तारू सिंह चौक निवासी विवेक कुशवाहा 23 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 1501 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में आकाश नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी राजकुमार नाइक 36 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत की कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 3949 को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जैन परिवहन के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम कोतवापारा खरोरा निवासी मुकेश वर्मा 30 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत की कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 8098 को नगर निगम गार्डन के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बेटी के सुनहरे भविष्य के लिए महतारी वंदन योजना बनी सहारा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की मातृशक्तियों के लिए एक नई उम्मीद की किरण दिखाई है। इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की



सहायता राशि दी जा रही है, जिससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, बल्कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए भी मदद मिल रही है। श्याम नगर रायपुर की निवासी श्रीमती पूजा यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल में सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही हूं। जो मेरी बेटी का भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। श्रीमती पूजा ने कहा, अब मुझे विश्वास है कि मेरी बेटी का भविष्य सुरक्षित है और आर्थिक तंगी के कारण उसे कोई परेशानी नहीं होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती पूजा ने कहा कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस योजना से प्रदेश की मातृशक्तियां भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करेंगी और अपने परिवार की भलाई के लिए मजबूती से कार्य करेंगी।

बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, तीन मासूमों को मिला नया जीवन

रायपुर। तालु कटे होने की समस्या से जूझ रहे तीन बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी जब उनका ऑपरेशन सफल हुआ। स्वास्थ्य योजना चिरायु से मानो तीन मासूमों को एक नया जीवन मिल गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में डेढ़ वर्षीय दक्षिका यादव, आठ वर्षीय प्रतिभा निर्मलकर और 6 वर्षीय दुर्गा भट्ट की तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। तीनों बच्चों का चिरायु योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन किया गया, जिससे उनके चेहरे पर नई मुस्कान आई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी बैहार, प्राथमिक शाला गिधवा और प्राथमिक शाला भिलाई में आयोजित शिविर में इन बच्चों की जांच की गई थी। शुरूआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब चिरायु टीम की काउंसलिंग ने उनकी शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत उनके बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। सितंबर 2024 में रायपुर के श्री मेडिशाइन अस्पताल में इन तीनों बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस अभियान में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी, आरंग बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत और वीपीएम दीपक मिरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सबसे बड़ा सीड बॉल बनाया गया

इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए भेजा गया

पीपुल्स संवाददाता • बालोद
editor@peoplessamachar.co.in

बालोद जिला के दल्ली राजहरा के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी। सबसे बड़ा सीड बॉल चौड़ाई 80 सेंटीमीटर लंबाई 20 सेंटीमीटर जिसमे आंवला का डाला गया इसे मिट्टी और कंपोस्ट खाद से तैयार किया गया इसे स्कूली बच्चों, कालेज के छात्रों ओर ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से बनाया गया है आप के आस पास करंजी, नीम, इमली, हरड़, बेहड़ा, आम, के बीज बारिश के पूर्व जंगलो में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इसे इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड, में भेजा गया है। यह सीड बॉल वनों उपज एवं पर्यावरण में बहुत ही सहायक सिद्ध होगा जिसके लिए निरंतर प्रयास ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह के द्वारा किया जा रहा है जिसका वजन 14 किलोग्राम है जो बहुत ही चर्चा का विषय बना हुआ है।

सीईओ कुमार विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में भवन का किया निरीक्षण

यूट्यूब स्टूडियो में युवा इंफ्लूएंसर्स से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। यूट्यूब स्टूडियो में युवा इंफ्लूएंसर्स से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने अपनी अपेक्षाएं और अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखा साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निर्माणाधीन अस्पताल से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर। मोवा ओव्हर ब्रीज स्थित निर्माणाधीन अस्पताल से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश्वर प्रसाद वर्मा 41 वर्ष अविवा गार्डन दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके निर्माणाधीन अस्पताल में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर 13 बंडल केबल वायर, हेमर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमत करीब 88 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

वेदांता के वाइजैग कार्गो बर्थ विशाखापट्टनम बना बंदरगाह पर भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट पोत

बंदरगाह ने 1,99,500 मीट्रिक टन बॉक्साइट से लदे जहाज एमवी कैप्टन लियोनिडास को संभाला

पीपुल्स संवाददाता • नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

विशाखापट्टनम में स्थित पोर्ट टर्मिनल और वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई वाइजैग जनरल कार्गो बर्थ प्राइवेट लिमिटेड (वीजीसीबी) ने भारत में अब तक आए सबसे बड़े बॉक्साइट जहाजों में से एक एमवी कैप्टन लियोनिडास की सफल बर्थिंग से मेरिटाईम सेक्टर में एक नया मानदंड स्थापित किया है। 1,99,500 मीट्रिक टन (एमटी) बॉक्साइट कार्गो ले जाने वाले इस जहाज ने इस फैसिलिटी की कार्गो हैंडलिंग क्षमता के लिए एक नया ऊंचा स्तर तय किया है। एमवी कैप्टन लियोनिडास की सफल बर्थिंग न केवल बंदरगाह की प्रचालन क्षमता को बढ़ाएगी बल्कि वैश्विक बॉक्साइट व्यापार में एक प्रमुख इकाई के रूप में विशाखापट्टनम के विकास में भी योगदान देगी। पिछले साल, एमवी हुआइहान ने वीजीसीबी के टर्मिनल पर सफलतापूर्वक बर्थ किया, जिसने रिकॉर्ड तोड़ 1,99,900 मीट्रिक टन मैंगनीज अयस्क पहुंचाया - जो किसी भी भारतीय बंदरगाह पर अब तक का सबसे बड़ा सिंगल-कार्गो शिपमेंट है। उन्नत टेक्नोलॉजी और सुव्यवस्थित प्रचालन में चल रहे निवेश के साथ, वीजीसीबी एक अग्रणी वैश्विक ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में विशाखापट्टनम के दर्जे को और ऊंचा उठाने को तैयार है। 50 मीटर की बीम, 17.9 मीटर का ड्राफ्ट और 2,03,095 मीट्रिक टन के डेडवेट टनेज (डी.डब्ल्यू.टी) के साथ एमवी कैप्टन लियोनिडास का आगमन, वीजीसीबी के तेज और कुशल प्रचालन के साथ बड़े जहाजों को संभालने की क्षमता को रेखांकित करता है। इस विशाल कार्गो की सफल ऑफलोडिंग एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप उच्च क्षमता वाले, आधुनिक टर्मिनल के रूप में बंदरगाह की प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है। यह उपलब्धि वीजीसीबी की प्रचालन दक्षता का परिचय कराती है, बंदरगाह को बड़ी मात्रा में वस्तुओं के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में स्थापित करती है।

IndusInd Bank
इंडसइंड बैंक लिमिटेड
प्रथम तल मंगम टॉवर, वर्चा रोड, जयपुर, राजस्थान 302001

सार्वजनिक सूचना (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 (1) के अंतर्गत)

निम्नित प्रतिभूतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत नियत मांग नोटिस जारी किए गए संबंधित देनदारों को नोटिस दिया गया है कि बकि राशि उसमें इंगित तारीख निम्नलिखित (अधिनियम) के अनुसार ब्याज और अन्य शुल्कों के भुगतान सहित के भुगतानुसार ये पत्र की है, इसलिए उसमें वाम प्रतिष्ठित सुरक्षित की आपकी आस्ति के प्रतिभूतिहितों के अनुसार बैंक को पुनर्कब्जे में दिए गिम्नलिखित परिसंपत्ति के रूप में वर्णनुसार विवरण दिया गया है। इसके बाद, बैंक ने ऐसी उल्लिखित संबंधित उपधारणा / तहत उपधारणाओं को निम्नित अधिनियम के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) की धारा 13 (2) के अनुसरण उक्त उपधारणाओं के अधिन उक्त पार्टी पर मांग नोटिस जारी किया है, जिसके तहत उनसे अनुक्रम दिया गया है कि वे संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित संपूर्ण ब्याज राशि को संबंधित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर बैंक दिए गए विवरण के अनुसार चुकाएं, अन्यथा हो बैंक उल्लिखित राशि पर संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज और उस पर लागत के साथ लागू होगा। उपरोक्त ब्याज दिनांक से भुगतान तक, उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अनुसार, सहित, भी भुगतान होगा, यह सेवा करने द्वारा इस प्रकाशन के माध्यम से प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (SARFAESI नियम) के नियम 3 के अनुसार भी की जा रही है।

उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता	मांग पत्र दिनांक एवं अवकाया राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण/ बंधक ऐसेटि
1. मेसर्स गौरव फाउंडेशन स्टेशन (उधारकर्ता) 2. श्री राकेश राजाराम अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) 3. श्री सरिता राकेश कुमार अग्रवाल (सह-उधारकर्ता 2)	मांग नोटिस दिनांक 20/03/2025 30 दिसंबर 2024 रू. 30,06,698.92 (रुपये तीस लाख छह हजार छह सौ अठानवे पैसे मात्र) और उस पर आगे का ब्याज और अन्य व्यय एलोटि लिमि- 05 दिसंबर 2024. ऋण खाता संख्या -FRV00182N (संबंधित के विरुद्ध ऋण) FRV00808N (कार्यालय पूंजी आर्थिक ऋण (सीएलएकाउंट के तहत)	कुबेर अपार्टमेंट के ब्लॉक ए के द्वितीय तल के फ्लैट क्रमांक 206 का पूरा हुकड़ा और पार्सल, खेत क्रमांक 20/4 और 20/15 के भाग में स्थित, ग्राम फॉक्स नगर गांव क्रमांक 29, पंचायत क्रमांक 110/63, शुभांग चंद्र बाई शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), जिसका माप 1074.46 वर्ग फीट है। पूर्व: शीर्षक दस्तावेज के अनुसार; पश्चिम: शीर्षक दस्तावेज के अनुसार, उत्तर: शीर्षक दस्तावेज के अनुसार; दक्षिण: शीर्षक दस्तावेज के अनुसार

इस धारा उल्लिखित उपधारकों से इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर सभी जारी किए गए संबंधित डिफॉल्ट नोटिस में बताई गई अधिक विशेष रूप से बकाया राशि, उस पर अतिरिक्त ब्याज और खरच, शुल्क, खर्च आदि के साथ चुकाना करने के लिए कहता है। ऐसा न करने पर इस उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपलब्ध सुरक्षित परिसंपत्ति (ओं) /उपधारा परिसंपत्ति (ओं) के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, यहाँ तक कि ये उपधारकों (ओं) /कानूनी उत्तराधिकारी (ओं) /कानूनी प्रतिनिधि (ओं) के जीवित या दिवंगत के रूप में उनके स्थानों के खर्च और परिणामों पर सुरक्षित आपत्ति को बुलाने में लेने और बेचने तक सीमित नहीं है। कृपया ध्यान दें कि कार्यवाही अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आप बंधक की बिक्री की पूर्व तिथि तक सहायक के लिया उपलब्ध सुरक्षित परिसंपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य तरीके से उपधारकों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। आपके द्वारा इस धारा का बंधों के अनुसार सामेली अधिनियम की धारा 29 और / या इस संबंध में किसी अन्य कानूनी प्रावधान के तहत निर्धारित देय प्रावधानों को लागू करेगा। कृपया ध्यान देकर अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अनुसार, सीमित, भी बचाया गया, या इसी प्रकार की परिसंपत्ति, शुल्कों और खर्चों के साथ-साथ बिक्री या हस्तांतरण के लिए तय की गई तारीख से पहले किसी भी समय बकाया की शेष दी जाती है, जो सुरक्षित संपत्ति का ब्रांड नेमी या हस्तांतरित करने की जानकारी, और उस सुरक्षित संपत्ति के विमोचन के लिए उपलब्ध समय, यहां तक और उस पर ब्याज के लिए।

दिनांक : 04.04.2025
स्थान : रायपुर
हस्ते/-अधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लि.

भाजपा की विकास यात्रा के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी

स्थापना दिवस व डॉ. अम्बेडकर जयंती के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन 6 से करेगी भाजपा

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के निमित्त 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन करने जा रही है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पार्टी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती वर्मा ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों, अपने-अपने घरों और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का झण्डा फहराया/ लगाया जाएगा। श्रीमती वर्मा ने बताया कि इसी श्रृंखला में 8-9 अप्रैल को सभी मंडल/ विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन रखा जाएगा और फिर 10-

11- अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। डॉ. बाबासाहब की जयंती से एक दिन पूर्व दिनांक 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। दिनांक-14 अप्रैल को सभी जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा। बैठक में जिला/ प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल संयोजक सदस्यगण अपेक्षित रहेंगे। जिला बैठक में मंडल बैठक पूर्ण करने की योजना बनाई जाएगी। इसी प्रकार मंडल बैठक में बूथ और ग्राम प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे7 6 से 14 अप्रैल तक आहूत कार्यक्रमों के लिए जिले से प्रभारी बनाकर भेजे जाएंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है।

भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। जिसके प्रथम अध्यक्ष भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए।

ICICI Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय- आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एक्सचेंज टॉवर, आई अपोर्ट - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
शाखा कार्यालय: प्रथम तल, इंडिया टॉवर, ए-26, जोन-ए, नेल रोड खाकर विकास बिलासपुर (सी.जी.) - 495001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

विधिक संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को सभी विशेष रूप से कर्जदार (ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो गृहबंधक ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, सो 'जहां है, जैसा है', 'जो है' तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण में बताया गया है। इसके अंतर्गत;

स. क्र.	उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/ गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम/ ऋण खाता संख्या।	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	अरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि		संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी सेंटेन
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)	
1.	नरोत्तम मोहन्ता (उधारकर्ता) महानंद पसरीन (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं.- LHBSR00001354000/ LHBSR00001354002	प्लॉट न. 30/2, और न. 8206/5 सीट नं. 49, ग्राम सिरसिट्टी, पोएम न. 37/41, अरपनपन बिलासपुर, तहसील और जिला बिलासपुर	Rs. 12,16,200/- March 29, 2025	Rs. 13,69, 900/- Rs. 1,36, 990/-	मई 02, 2025 11:00 AM से 03:00 PM	मई 09, 2025 02:00 PM से 03:00 PM	मई 08, 2025 को 05:00 PM बजे से पहले	भौतिक कब्जा	
2.	रितु दिवाकर (उधारकर्ता) अनिल प्रकाश घंटल (सह-उधारकर्ता) LHBSR00001534618/ LHBSR00001534620	प्लॉट नं. 8, वार्ड नं. 18/24, क्षेत्र नं. 18/27, वार्ड क्रमांक 16, मौजा लवरा, आरपनपन-बोधरा, बलौदा- बिलहा तहसील और जिला, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)- पिन 495115	Rs. 6,26,373/- March 29, 2025	Rs. 7,11, 650/- Rs. 71, 165/-	मई 02, 2025 11:00 AM से 03:00 PM	मई 09, 2025 02:00 PM से 03:00 PM	मई 08, 2025 को 05:00 PM बजे से पहले	भौतिक कब्जा	
3.	अनोन कोली (उधारकर्ता) अशोक कुमार, (सह-उधारकर्ता) बसंती कोली (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं.- LHBSR00001586908/ LHBSR00001586909	डबलटॉप भूमि का वह पूरा टुकड़ा और खसरा प्लॉट संख्या 59 सीट संख्या 08, वार्ड संख्या 036/2 सेक्टर 2000 वर्ग फीट, पोएम संख्या 46/1 विश्वनाथ बिला, आरपनपन, तहसील और जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। बिलासपुर (छत्तीसगढ़)	Rs. 14,11,358/- March 29, 2025	Rs. 16,40, 250/- Rs. 1,64, 025/-	मई 02, 2025 11:00 AM से 03:00 PM	मई 09, 2025 02:00 PM से 03:00 PM	मई 08, 2025 को 05:00 PM बजे से पहले	भौतिक कब्जा	

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मैसर्स टैक्सट्रेक कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link-https://BidDeal.in) पर आयोजित की जाएगी। संपत्तियों/नीलामी की तारीख 08 मई, 2025 को शाम 05:00 बजे से पहले आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इस सूचना परिसंपत्तियों को इसमें उल्लेख अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संपत्तियों बोलीदाता को 08 मई, 2025 को शाम 04:00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर इंगित इंडसइंड आईसीआईसीआई प्राइवेट लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (EMD)RTGS/ Demand Draft DD) (ऊपर देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता को) को 08 मई, 2025 को शाम 05